उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

पो0ऑ0–गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार–249404

website-www.ukpsc.gov.in

E-mail-ukpschdr@gmail.com

दूरभाषः 01334–244143 मो0न0–+91–7060002410

UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

विज्ञापन संख्याः– A-2/E-1/PCS/2016-17

सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2016

विज्ञापन प्रकाशन की तिथि –08 अक्टूबर, 2016

ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि – 25 अक्टूबर, 2016(समय रात्रि 11:59:59)

e-challan का प्रिंट–आउट प्राप्त करने की अंतिम तिथि– 27 अक्टूबर, 2016 (समय रात्रि 11:59:59)

परीक्षा शुल्क e-challan द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि– 28 अक्टूबर, 2016 (बैंक समयावधि में)

परीक्षा शुल्क Net Banking/Debit card द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि—28 अक्टूबर, 2016(समय रात्रि 11:59:59)

अति महत्वपूर्ण निर्देश :–

1– अभ्यर्थी उर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षण से सम्बन्धित श्रेणी/उप श्रेणी का अंकन ऑनलाइन आवेदन में अवश्य करें। आरक्षण का दावा न किये जाने की दशा में, रिट् याचिका (स्पेशल अपील) संख्याः 79/2010 राधा मित्तल बनाम उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा पारित आदेश दिनांक 08.06.2010 तथा विशेष अनुज्ञा याचिका (सिविल) नं0 (एस) 19532/2010 में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रम में अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ कदापि अनुमन्य नहीं होगा। आरक्षण विषयक प्रमाण पत्र आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि तक अभ्यर्थी द्वारा धारित करना आवश्यक है।

2– आवेदन पत्रों की सन्निरीक्षा (Scrutiny) आयोग द्वारा नियमानुसार सम्पादित की जायेगी।

3– अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि ऑनलाइन आवेदन की **अन्तिम तिथि 25 अक्टूबर, 2016** तक अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य अर्हताएं धारित करना अनिवार्य है।

4– अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन की प्रिन्टआउट प्रति भविष्य में आयोग से किये जाने वाले पत्राचार व अन्य आवश्यक उपयोग/साक्ष्य हेतु अपने पास सुरक्षित रखें। ऑनलाइन आवेदन की प्रिन्टआउट प्रति अथवा किसी भी प्रमाण पत्र को आयोग को प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है। शैक्षिक अर्हता व अन्य प्रमाण पत्र, प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात प्राप्त किये जायेंगे।

5– फर्जी प्रमाण पत्रों (शैक्षिक योग्यता/अनुभव/आरक्षण सम्बन्धी) के आधार पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आयोग की समस्त परीक्षाओं से अधिकतम् 05 वर्षो के लिए प्रतिवारित कर दिया जायेगा साथ ही सुसंगत विधि के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध अभियोग भी दर्ज कराया जा सकता है।

6– ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के उपरान्त आवेदन में की गयी प्रविष्टियों यथा अर्हता, आरक्षण से सम्बन्धित श्रेणी/उप श्रेणी, आयु एवं परीक्षा केन्द्र आदि में किसी भी प्रकार का संशोधन या परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

7– आवेदन करने के पूर्व विज्ञापन में वर्णित समस्त निर्देशों का भली–भाति अध्ययन कर लें तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र को सही–सही भरें।

8– प्रश्नगत परीक्षा हेतु मात्र ऑनलाइन आवेदन एवं ई–चालान/नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड के माध्यम से ही परीक्षा–शुल्क स्वीकार्य होगा। किसी अन्य प्रकार से किया गया आवेदन/परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।

9– समस्त विज्ञापित पदों के सापेक्ष एक ही आवेदन स्वीकार किया जायेगा। एक अभ्यर्थी के नाम से एक से अधिक आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। एक अभ्यर्थी के एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर अभ्यर्थी के सभी आवेदन निरस्त कर दिये जायेंगें।

10– आवेदन करने की अंतिम तिथि व नियत समय तक अभ्यर्थी द्वारा "Online application" प्रक्रिया में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र "Submit" बटन को "Click" करने एवं नियत समय तक ई–चालान/नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा–शुल्क जमा करने पर ही "Online application" प्रक्रिया पूर्ण मानी जायेगी।

11– अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करें, बल्कि उससे पूर्व ही अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करना सुनिश्चित करें।

12– अभ्यर्थी प्रारम्भिक परीक्षा के आयोजन हेतु नगरों की सूची के लिए **परिशिष्ट–1**, परीक्षा योजना के लिए **परिशिष्ट–2**, पाठ्यक्रम के लिये **परिशिष्ट–3** तथा **आरक्षण, अनुभव एवं श्रुतलेखक चाहने विषयक् प्रपत्र** के प्रारूप हेतु **परिशिष्ट–4** का अवलोकन करें।

13–प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन **दिसम्बर, 2016/जनवरी, 2017 में** कराया जाना प्रस्तावित है।

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा उपयुक्त अभ्यर्थियों के चयन हेतु सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2016 का आयोजन किया जायेगा। पात्र अभ्यर्थियों से विज्ञापन की शर्तानुसार ऑन लाईन आवेदन आमन्त्रित किये गये हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर दिनांक **25 अक्टूबर, 2016** तक ऑन लाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रारम्भिक परीक्षा जिन नगरों में आयोजित की जायेगी उनका विवरण **परिशिष्ट–1,** परीक्षा योजना **परिशिष्ट–2**, परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम **परिशिष्ट–3** पर उपलब्ध कराया गया है।

2. रिक्तियों का विभागवार विवरण निम्नवत् है। रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है :–

क्र0 सं0	पदनाम/विभाग	वेतनमान	रिक्तियां	श्रेणीवार विवरण			
				सामान्य	अनु0जाति	अनु0ज0जाति	अ0पि0व0
1.	(डिप्टी कलेक्टर) उत्तराखण्ड सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) (कार्मिक विभाग)	15600-39100 G.P- 5400	05	03	01	-	01
2.	पुलिस उपाधीक्षक (गृह विभाग)	15600-39100 G.P- 5400	17	09	03	02	03
3.	जिला कमान्डेन्ट होमगार्ड (गृह विभाग)	15600-39100 G.P- 5400	02	01	01	-	-
4.	अधीक्षक कारागार (गृह विभाग)	15600-39100 G.P- 5400	02	02	-	-	-
5.	सहायक आयुक्त (वित्त विभाग)	15600-39100 G.P- 5400	32	20	06	01	05
6.	वित्त अधिकारी (वित्त विभाग)	15600-39100 G.P- 5400	10	06	01	01	02
7.	सम्पादक (सूचना विभाग)	15600-39100 G.P- 5400	01	01	-	-	-
8.	सहायक निबंधक (सहकारिता विभाग)	15600-39100 G.P- 5400	01	-	01	-	-
9.	सहायक नगर आयुक्त/सहायक नगर अधिकारी/अधिशासी अधिकारी श्रेणी–2 (शहरी विकास विभाग)	15600-39100 G.P- 5400	09	06	02	-	01
10.	सहायक नगर नियोजक (आवास विकास विभाग)	15600-39100 G.P- 5400	02	02	-	-	-
11.	वाणिज्य कर अधिकारी (वित्त विभाग)	9300-34800 G.P- 4600	51	42	05	02	02
12.	जिला बचत अधिकारी (वित्त विभाग)	9300-34800 G.P- 4600	01	-	01	-	-
13.	जिला सूचना अधिकारी (सूचना विभाग)	9300-34800 G.P- 4600	02	02	-	-	-
14.	फीचर लेखक (सूचना विभाग)	9300-34800 G.P- 4600	01	01	-	-	-
15.	जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी (अल्पसंख्यक कल्याण विभाग)	9300-34800 G.P- 4200	02	02	-	-	-

नोट– रिक्तियों की कुल संख्या 138 हैं। राज्य सरकार द्वारा रिक्तियों की संख्या घटायी अथवा बढ़ायी जा सकती है।

3. पद का स्वरूप :– सहायक नगर आयुक्त/सहायक नगर अधिकारी/अधिशासी अधिकारी श्रेणी–2 एवं सहायक नगर नियोजक का पद अराजपत्रित/अंशदायी पेंशन तथा शेष राजपत्रित/अंशदायी पेंशनयुकत है।

4. **उपरोक्त पदों हेतु अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता निम्नवत् है–**

(1) **डिप्टी कलेक्टर पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–**

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की किसी विधा में उपाधि या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य अर्हता हो।

अधिमानी अर्हताः अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा, जिसने :–

(एक) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो; या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

(2) **पुलिस उपाधीक्षक पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हता : –**

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की किसी विधा में स्नातक उपाधि या उसके समकक्ष सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई अन्य अर्हता हो।

अधिमानी अर्हताः अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा, जिसने :–

(एक) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो; या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

(3) **जिला कमाण्डेट होमगार्ड पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की उपाधि होनी चाहिए।

अधिमानी अर्हताः– अन्य बातों के समान होने पर अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा, जिसने :–

एक. प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

दो. राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो।

(4) **अधीक्षक कारागार पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः**

(अ)किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री और (ब) देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी भाषा का ज्ञान होना चाहिए। नोट– अन्य बातों के समान होने पर अपराध विज्ञान, मनोविज्ञान या सामाजिक विज्ञान में डिग्री या डिप्लोमा धारण करने वाले व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।

अधिमानी अर्हताः कोई अभ्यर्थी जो–

(1) कम से कम दो वर्ष की अवधि तक राज्य क्षेत्रीय सेवा में सेवा कर चुका है, या

(2) राष्ट्रीय कैडेट क्रोप्स का 'बी' प्रमाण–पत्र प्राप्त कर चुका है, उसे अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती में वरीयता प्रदान की जायेगी।

नोटः– ''पुलिस उपाधीक्षक, जिला कमाण्डेट होमगार्ड एवं अधीक्षक कारागार पद हेतु वहीं अभ्यर्थी अर्ह होगा, जो विज्ञापन के बिन्दु सं0 10 में उल्लिखित शारीरिक मापदण्ड के मानक को पूर्ण करता हो।

(5) **सहायक आयुक्त पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–**

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि होनी चाहिए और उसे देवनागिरी लिपि में लिखित हिन्दी का ज्ञान होना चाहिए।

अधिमानी अर्हताः– ऐसे अभ्यर्थी को, अन्य बातों के समान होते हुए भी, सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा, जिसने–

(क) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष की सेवा की हो, या

(ख) नेशनल कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

(6) **वित्त अधिकारी पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–**

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की या राज्यपाल द्वारा इस प्रयोजन के लिये मान्यता प्राप्त किसी अन्य विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि रखता हो।

अधिमानी अर्हता– ऐसे अभ्यर्थी को जिसने–

(क) प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

(ख) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो, अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा।

(7) **सम्पादक पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–**

(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत साहित्य के साथ स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता।

(दो) किसी प्रमुख दैनिक या मासिक समाचार पत्र में या सरकार के किसी विभाग में पत्रकारिता या सम्पादकीय कार्य का पॉच वर्ष का अनुभव।

नोटः– अनुभव प्रमाण पत्र इस विज्ञापन के परिशिष्ट–4 में दिये गये प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।

अधिमानी अर्हताः अन्य बातों के समान होने पर अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा।

(एक) प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

(8) सहायक निबंधक पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–

(1)भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कला, विज्ञान, वाणिज्य या कृषि में स्नातक उपाधि।

(2) देवानागरी लिपि में लिखित हिन्दी का पूर्ण ज्ञान।

अधिमानी अर्हताः ऐसे अभ्यर्थी को जिसने–

1. प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो; या
2. राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो, **अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा।**
3. कम्प्यूटर का प्रारम्भिक ज्ञान होना।

(9) सहायक नगर आयुक्त/सहायक नगर अधिकारी/अधिशासी अधिकारी श्रेणी–1 पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–

(1)किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री/स्नातक।

वांछनीय–लोकल सेल्फ गवमेन्ट या पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री या डिप्लोमा।

अधिमानी अर्हताः अन्य बातों के समान होने पर केन्द्रीयित सेवाओं में सीधी भर्ती की दशा में उस अभ्यर्थी को अधिमान्यता दी जायेगी जिसने,

(1) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष तक सेवा की हो, या

(2) नेशनल कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

(10) सहायक नगर नियोजक पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–

किसी मान्यता प्राप्त संस्था से टाउन एण्ड वास्तु प्लानिंग में उपाधि या स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

या

निम्नलिखित संस्थाओं में किसी एक संस्था की एसोसिएट सदस्यताः–

(क) इन्स्टीट्यूट ऑफ प्लानर्स (इण्डिया)।

(ख)अमेरिकन इन्स्टीट्यूट ऑफ टाउन (प्लानर्स)।

(ग) इन्स्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स (लंदन)।

या

इन्स्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स (इण्डिया) या लन्दन या अमेरिका की सदस्यता के लिए समक्ष अर्हतायें।

अधिमानी अर्हताः किसी अभ्यर्थी , जो–

(1) क्षेत्रीय सेना में कम से कम दो वर्ष की सेवा कर चुका हो या

(2) राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' श्रेणी का प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो, अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में, को अधिमानता प्रदान की जायेगी।

(11) वाणिज्य कर अधिकारी पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक की उपाधि होनी चाहिए और उसे देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी का ज्ञान होना चाहिए।

अधिमानी अर्हताः ऐसे अभ्यर्थी को, अन्य बातें समान होते हुए भी, सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा, जिसने–

(क) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष सेवा की हो, या

(ख) नेशनल कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

(12) जिला बचत अधिकारी पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा उसके समकक्ष सरकार द्वारा मान्य कोई अर्हता।

अधिमानी अर्हताः– अभ्यर्थी जिसने–

(एक) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष की सेवा की हो, या

(दो) नेशनल कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो, उसे अन्य बातें समान होते हुए भी सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा।

(13) जिला सूचना अधिकारी पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–

(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

(2) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी संस्था से पत्रकारिता में डिप्लोमा।

अधिमानी अर्हताः (एक) समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में लेख, पटकथा और फीचर लिखने का तीन वर्ष का अनुभव।

(दो) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से संगीत/प्रकाशन–व्यवस्था/ अभिनय/निर्देशन इत्यादि में डिप्लोमा।

नोटः– अनुभव प्रमाण पत्र इस विज्ञापन के परिशिष्ट–4 में दिये गये प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।

(14) फीचर लेखक पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–

(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

(2) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी संस्था से पत्रकारिता में डिप्लोमा अथवा स्नातक।

अधिमानी अर्हता– (एक) समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में लेख, पटकथा और फीचर लिखने का तीन वर्ष का अनुभव।

(दो) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से संगीत/प्रकाशन–व्यवस्था/अभिनय/निर्देशन इत्यादि में डिप्लोमा।

नोटः– अनुभव प्रमाण पत्र इस विज्ञापन के परिशिष्ट–4 में दिये गये प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।

(15) जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः–

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

अधिमानी अर्हता– (1.) समाजशास्त्र या सामाजिक कार्य विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि।

(2.) किसी सरकारी या अर्द्ध सरकारी अल्पसंख्यक कल्याण संस्था को प्रशासनिक या पर्यवेक्षी हैसियत से चलाने का कम से कम दो वर्ष का अनुभव।

(3.) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष सेवा की हो।

(4.) नेशनल कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र अथवा 'सी' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

नोटः– अनुभव प्रमाण पत्र इस विज्ञापन के परिशिष्ट–4 में दिये गये प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।

5. आयु :– आयु गणना की निश्चायक तिथि 01 जुलाई, 2016 है। अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई, 2016 को न्यूनतम 21 वर्ष होनी चाहिए तथा अधिकतम 42 वर्ष की नहीं होनी चाहिए। अर्थात् अभ्यर्थी का जन्म 02 जुलाई 1974 से पूर्व तथा 1 जुलाई, 1995 के बाद का नहीं होना चाहिए। परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गो तथा अन्य ऐसी श्रेणियों के अभ्यर्थियों के मामले में जिन्हें सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाए, अधिकतम आयु उतनी बढ़ाई जायेगी जैसा कि विहित किया जाए।

उत्तराखण्ड सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) नियम–2005 के प्राविधानानुसार जिन वर्षों में उक्त पद हेतु परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया है, उन वर्षों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी। उक्त छूट केवल डिप्टी कलेक्टर पद हेतु ही प्रदान की जायेगी। प्रश्नगत विज्ञापन से पूर्व वर्ष 2014 में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था तथा वर्ष 2015 में उक्त पदों हेतु कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया गया। इस परिप्रेक्ष्य में डिप्टी कलेक्टर पद हेतु अधिकतम आयुसीमा में 01 वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।

6. अधिकतम आयु सीमा में छूटः विभिन्न श्रेणियों/उपश्रेणियों हेतु नियमावली एवं समय–समय पर प्रवृत्त शासनादेशानुसार प्रदत्त उच्चतम आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी। उच्चतम आयु सीमा में छूट संबंधी शासनादेशो के विस्तृत विवरण हेतु आयोग की वेबसाइट देखें।

7. उर्ध्व/क्षैतिज आरक्षण शासन द्वारा निर्गत तथा अद्यतन प्रचलित शासनादेश के आधार पर केवल उत्तराखण्ड के अधिवासी को ही अनुमन्य है। ऑनलाइन आवेदन पत्र के संबंधित कॉलम में उर्ध्व/क्षैतिज श्रेणी/उप श्रेणी की सूचना प्रदान करने पर ही आरक्षण अनुमन्य किया जायेगा।

8. यदि अभ्यर्थी क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत एक से अधिक उपश्रेणी में आरक्षण का दावा करता है तो वह केवल एक उप श्रेणी, जो उसके लिए अधिक लाभदायक होगी, का लाभ पाने का पात्र होगा।

9. आरक्षण के लाभ का दावा करने वाले अभ्यर्थी अपनी श्रेणी/उपश्रेणी के समर्थन में निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त कर लें। कुछ निर्धारित प्रारूप इस विज्ञापन के **''परिशिष्ट–4''** में उल्लिखित हैं।

10. शारीरिक मापदण्ड :–

(1) पुलिस उपाधीक्षक– उत्तराखण्ड पुलिस सेवा नियमावली, 2009 के परिशिष्ट– ''ख'' के प्राविधानों के अनुसार निम्नवत् शारीरिक मापदण्ड अपेक्षित है–

(क) ऊँचाई :–

वर्ग	पुरूष अभ्यर्थी	महिला अभ्यर्थी
सामान्य वर्ग एवं अन्य वर्ग	167.7 सेमी.	152 सेमी.
अनुसूचित जन जाति	160 सेमी.	147 सेमी.
पर्वतीय क्षेत्र	162.6 सेमी.	147 सेमी.

(ख) सीने की माप (केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए) :–

क्रमांक	वर्ग	बिना फुलाये	फुलाने पर
1	अनुसूचित जनजाति व पर्वतीय क्षेत्र के अभ्यर्थी	**76.5 सेमी0**	**81.5 सेमी0**
2	सामान्य व अन्य अभ्यर्थी	**78.8 सेमी0**	**83.8 सेमी0**

(ग) शारीरिक वज़न (केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए) :– न्यूनतम 45 किग्रा0

उत्तराखण्ड पुलिस सेवा में नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की एक आँख 6/6 व दूसरी आँख 6/9 से कम दृष्टि नहीं होनी चाहिए। अतः बिना चश्मे के दाहिने हाथ से काम करने वाले अभ्यर्थियों के लिए दायीं आँख 6/6 और बाँयें हाथ से काम करने वाले अभ्यर्थियों की बांयी आँख 6/6 होनी चाहिए और वर्णाधता/भैंगापन से पूर्ण रूप से मुक्त होना चाहिए।

अभ्यर्थी का सटा घुटना, सपाट पैर, बो लैग, वैरिकोस वेन, हकलाना, विकलांगता और अन्य विकृतियों व अन्य समस्याएं जो पुलिस अधिकारी की डयूटी में किसी प्रकार की बाधा पैदा करें, को अयोग्य माना जाएगा। उक्त सम्बन्ध में चिकित्सा परिषद् द्वारा निर्धारित प्रतिवेदन में अभ्यर्थी के उपयुक्त होने का प्रमाण दिये जाने पर अभ्यर्थी के अन्तिम रूप से उत्तराखण्ड पुलिस सेवा में नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

(2) जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड– उत्तरप्रदेश होमगार्ड सेवानियमावली 1982 के नियम 13 के अनुसार ऊँचाई और सीने की माप निम्नवत् होनी चाहिए–

	ऊँचाई	सीना (बिना फुलाए)	सीना (फुलाने पर)
पुरूष अभ्यर्थी	165 से0मी0	84 से0मी0	89 से0मी0
महिला अभ्यर्थी	150 से0मी0	79 से0मी0	84 से0मी0
पुरूष अभ्यर्थी (कुमायूं और गढ़वाल मण्डलों और अनुसूचित जनजाति)	160 से0मी0	84 से0मी0	89 से0मी0

(3) अधीक्षक कारागार– उत्तरप्रदेश कारागार (श्रेणी 'अ' और 'ब') सेवानियमावली 1982 के प्रथम संशोधन 1990 के अनुसार निम्न न्यूनतम शारीरिक स्तर निम्न होना चाहिए–

1. ऊँचाई–168 से0मी0 कुमायूं और गढ़वाल सम्भाग के अभ्यर्थियों की दशा में 163 से0मी0
2. सीने का घेरा 81.3 से0मी (बिना फुलाए) और 86.3 से0मी0 (फुलाने पर)
3. दृष्टि 6/6

11. राष्ट्रीयता : सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी :–

(क) भारत का नागरिक हो; या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास करने के अभिप्राय से 01 जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो, या होना चाहिए; या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी निवास करने के अभिप्राय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश–केन्या, युगांडा या यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो।:

परन्तु उपर्युक्त श्रेणी (ख) और (ग) के अभ्यर्थी को ऐसा व्यक्ति होना चाहिये जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो:

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह उप महानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड से पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले।

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

टिप्पणी :– ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु न तो वह जारी किया गया हो और न देने से इंकार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

12. चरित्र :– सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो सके। नियुक्ति प्राधिकारी स्वयं इस संबंध में अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी :– संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्व में या नियन्त्रणाधीन किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिये दोष सिद्ध व्यक्ति भी नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

13. वैवाहिक प्रास्थिति :– सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और न ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र होगी जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही जीवित पत्नी हो:

परन्तु राज्यपाल किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकते हैं यदि उनका यह समाधान हो जाए कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान हैं।

14. शारीरिक स्वस्थता :– किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्त नहीं किया जायेगा, यदि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है और किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त नहीं है, जिसके कारण उसे अपने कर्तव्यों के दक्षतापूर्वक निर्वहन में हस्तक्षेप की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिए अनुमोदित करने से पूर्व–

(क) राजपत्रित पद या सेवा के मामले में चिकित्सा परिषद की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

(ख) सेवा में अन्य पदों के मामले में वित्तीय हस्त–पुस्तिका खण्ड–I भाग–II के अध्याय– III में समाविष्ट मूल नियम 10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा:

15. आवेदन कैसे करें :– इच्छुक अभ्यर्थियों से आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध निर्देशानुसार अपना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् हैं–

ऑन–लाईन आवेदन की तिथि	08 अक्टूबर, 2016 से 25 अक्टूबर, 2016 (समय रात्रि 11:59:59)
e-challan का प्रिंट–आउट प्राप्त करने की तिथि	10 अक्टूबर, 2016 से 27 अक्टूबर, 2016 (समय रात्रि 11:59:59)
परीक्षा शुल्क **e-challan** द्वारा जमा करने की तिथि	10 अक्टूबर , 2016 से 28 अक्टूबर , 2016 (बैंक समयावधि में)
परीक्षा शुल्क **Net Banking/Debit card** द्वारा जमा करने की तिथि	10 अक्टूबर, 2016 से 28 अक्टूबर 2016 (समय रात्रि 11:59:59)

16. ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु प्रक्रिया :–

(1) अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **www.ukpsc.gov.in** पर जाएं।

(2) ऑनलाइन आवेदन हेतु P.C.S. EXAMINATION-2016 के सम्मुख "**Click Here**" पर Click करें।

(3) वेबसाइट पर प्रदर्शित होने वाले ऑनलाइन आवेदन पत्र को विज्ञापन की शर्तों के अनुसार सही–सही भरें एवं वेबसाइट पर दर्शित निर्देशों का पालन करें।

(4) ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरने के पश्चात् प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक जाँच लें। भरी गयी प्रविष्टियों में शंका होने पर अथवा किसी त्रुटि की दशा में आवेदन पत्र के अन्त में Reset पर Click करे एवं पुनः समस्त प्रविष्टियां भरे। भरी गयी प्रविष्टियों के एकदम सही होने की दशा में आवेदन पत्र के अन्त में Continue पर Click करें।

(5) वेबसाइट के निर्देशानुसार प्रविष्टियां भर लेने के उपरान्त अभ्यर्थी को उसका आवेदन पत्र समस्त विवरणों सहित दिखाई देगा, जिसमें अभ्यर्थी को अपनी स्कैन फोटोग्राफ (10 KB से कम न हो तथा 40 KB से अधिक न हो) एवं हस्ताक्षर JPG Format (10 KB से कम न हो तथा 20 KB से अधिक न हो) में अपलोड करने होंगे।

(6) आवेदन पत्र में प्रदर्शित विवरण में परिवर्तन हेतु अभ्यर्थी Update पर Click करें तथा प्रविष्टियों के सही होने की दशा में I Agree पर Click करें।

(7) "**आप का आवेदन पत्र आयोग में जमा हो गया है**", का संदेश प्राप्त होने के पश्चात अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र को डाउनलोड कर अपने पास सुरक्षित रख ले।

(8) अभ्यर्थी ऑन–लाईन आवेदन पत्र भरने के 48 घण्टे अर्थात 02 दिन पश्चात ही अपना परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थी www.ukpsc.gov.in पर जायें और "Submit the fee after 48 hours of "filling the form" पर क्लिक करें।

(9) अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क e-challan द्वारा State Bank Of India (SBI) की किसी भी शाखा में जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी Net Banking/Debit Card द्वारा भी परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। Net Banking/Debit Card के माध्यम से जमा किये गये परीक्षा शुल्क पर सेवा शुल्क एवं सेवा कर (जैसे भी लागू हो) बैंक द्वारा अलग से चार्ज किये जायेंगे। नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड से शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी P.C.S. ONLINE FEE PAYMENT पर क्लिक करें। अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात् आयोग की वेवसाइट अथवा State Bank Of India (SBI) की वेबसाइट से शुल्क जमा करने की रशीद प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा बैंक की वेबसाइट पर PAYMENT HISTORY के अर्न्तगत परीक्षा शुल्क जमा हो जाने की सूचना भी प्राप्त कर सकते है।

(10) **उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार से जमा किया गया शुल्क स्वीकार्य नहीं होगा तथा निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क जमा न करने पर ऑन–लाईन आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।**

17. शुल्क :– परीक्षा शुल्क निम्नवत है :–

क्र0सं0	श्रेणी	शुल्क
01	सामान्य /अन्य पिछड़ा वर्ग/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित	रू0 150/–
02	अनुसूचित जाति (एस0सी0)/अनुसूचित जनजाति(एस0टी0)/विकलांग/पूर्व सैनिक	रू0 60/–

उत्तराखण्ड महिला जिस वर्ग या श्रेणी, **यथा–**सामान्य श्रेणी या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी की हों, उन्हें उसी वर्ग/श्रेणी हेतु निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

अभ्यर्थी ऑन लाईन आवेदन पत्र में अनिवार्य अर्हता के अन्तर्गत विज्ञापन में वर्णित पदवार अर्हता के अनुसार स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं अनुभव के सम्बन्ध में सही–सही जानकारी हेतु सम्बन्धित विकल्प पर क्लिक करें। उक्तानुसार प्रदान की गयी सूचना के आधार पर ही सम्बन्धित पद के सापेक्ष अभ्यर्थन पर विचार किया जायेगा। आवेदन की प्रिन्ट आउट प्रति इत्यादि आयोग को प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है। केवल ऑन लाईन आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेगें।

18. अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण निर्देश :–

आयोग द्वारा सम्पन्न की जाने वाली सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया पदों से संबंधित संगत सेवा नियमावली, अद्यतन प्रचलित अधिनियमों/नियमावलियों/मैनुअल्स/मार्ग–दर्शक सिद्धान्तों एवं समय–समय पर आयोग द्वारा लिये गये

निर्णयों इत्यादि में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत सम्पन्न की जायेगी। अभ्यर्थियों हेतु **Uttarkhand Public Service Commission (Procedure and Conduct of Business) Rules – 2013 एवं प्रथम संशोधन 2016** और उत्तराखण्ड परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया नियमावली–2012 यथा संशोधित 2013 (प्रथम संशोधन), 2014 (द्वितीय संशोधन), 2015 (तृतीय संशोधन) व 2016 (चतुर्थ संशोधन) आयोग की वेबसाइट **www.ukpsc.gov.in** पर उपलबध है।

(I) प्रारम्भिक परीक्षा हेतु निर्देशः–

(1) अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे अपितु ऑनलाईन प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी किये जायेंगें। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन के रजिट्रेशन नम्बर एवं जन्मतिथि के आधार पर प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेगें। इस संबंध में अभ्यर्थियों की सूचना हेतु विज्ञप्ति राज्य के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों एवं वेबसाइट पर प्रसारित की जायेगी।

(2) प्रारम्भिक परीक्षा में (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का प्रश्नपत्र होगा तथा प्रश्नों के मूल्यांकन में ऋणात्मक पद्धति अपनाई जायेगी।

(3) **गलत उत्तरों के लिए दण्ड–** वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्रों में अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये गलत उत्तरों के लिए दण्ड (ऋणात्मक मूल्यांकन) दिया जायेगा–

(क) प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प उत्तर के रूप में रहेगें। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिये गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किये गये अंको का एक चौथाई दण्ड रूप में काटा जायेगा।

(ख) प्रत्येक प्रश्न का यदि अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे गलत उत्तर माना जायेगा, यदि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही भी हो, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपरोक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जायेगा।

(ग) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं होगा।

(4) वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पत्रों से सम्बन्धित उत्तर कुंजी/कुंजियां परीक्षा समाप्ति के उपरान्त आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी। अभ्यर्थी उत्तर कुजी के प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर प्रश्न पत्र एवं संबंधित उत्तर के संबंध में अपना प्रत्यावेदन ई–मेल के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त प्रत्यावेदनों पर आयोग द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(5) प्रारम्भिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) में कैलकुलेटर का प्रयोग वर्जित है।

(6) **अँगूठे का निशान (Thumb Impression)** :– सभी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में उत्तर–पत्रक के निर्धारित स्थान पर अपने अँगूठे का निशान (पुरूष अभ्यर्थी की दशा में बाँये अँगूठे का निशान तथा महिला अभ्यर्थी की दशा में दाँये अँगूठे का निशान) अवश्य अंकित करेंगे। अँगूठे का निशान अंकित न करने पर उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

(7) परीक्षा तिथि, समय एवं परीक्षा कार्यक्रम व परीक्षा केन्द्र के सम्बन्ध में अनुक्रमांक सहित सूचना आयोग की वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने वाले ऑनलाईन प्रवेश–पत्रों द्वारा प्रदान की जायेगी। अभ्यर्थियों को आवंटित केन्द्र पर ही परीक्षा देनी होगी। केन्द्र परिवर्तन सम्बन्धी कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(8) प्रारम्भिक परीक्षा एक क्वालीफाईंग परीक्षा है, जिसके अंक मुख्य परीक्षा व साक्षात्कार के अंकों के साथ जोड़े नहीं जायेगें।

(II) मुख्य परीक्षा हेतु निर्देशः–

(1) प्रारम्भिक परीक्षा के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु सफल अभ्यर्थियों से ऑनलाईन शुल्क प्राप्त किया जायेगा तथा प्रारम्भिक परीक्षा में शैक्षिक अर्हता/अधिमानी अर्हता, अनुभव प्रमाण पत्र, आरक्षण संबंधी किये गये दावों की पुष्टि के संबंध में प्रमाण पत्र इत्यादि तथा ऑनलाईन जमा की गयी परीक्षा शुल्क की रसीद डाक/व्यक्तिगत माध्यम से आयोग को प्रेषित करनी होगी। मुख्य परीक्षा हेतु सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों से परीक्षा शुल्क रू0 250/– उत्तराखण्ड के अन्य पिछड़ा वर्ग तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित अभ्यर्थियो से रू0 150/– तथा उत्तराखण्ड के अनुसूचित जाति/जन जाति, विकलांग व पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों से रू0 100/– मुख्य परीक्षा हेतु शुल्क प्राप्त किया जायेगा।

(2) मुख्य परीक्षा का आयोजन हल्द्वानी एवं हरिद्वार के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा। इस संबंध में प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से परीक्षा केन्द्र के नगर हेतु विकल्प ऑनलाईन प्राप्त किये जायेंगे। मुख्य परीक्षा में प्रश्न–उत्तर पुस्तिका Question-Answer Booklet (QAB) का प्रयोग किया जायेगा। इस पुस्तिका में अंकित प्रश्नो के उत्तर अभ्यर्थी को पुस्तिका में ही निर्धारित स्थान पर ही लिखना होगा।

(3) अभ्यर्थियों को लेखन सामग्री स्वयं लानी होगी। अभ्यर्थी अपने साथ लायी गयी पुस्तक, नोट्स, कागज आदि परीक्षा कक्ष के बाहर निर्धारित स्थान पर जमा कर दें। यद्यपि इन वस्तुओं की सुरक्षा का प्रबन्ध रहेगा फिर भी यदि सामान खो जाता है तो इसका दायित्व आयोग का नहीं होगा। यदि किसी अभ्यर्थी के पास नकल करने की कोई सामग्री पकड़ी जाती है तो अभ्यर्थी को उस परीक्षा विशेष से तथा आयोग की आगामी परीक्षाओं तथा चयन (Selection) से वंचित (Disqualify) किया जा सकता है, चाहे उक्त सामग्री का प्रयोग नकल करने में किया गया हो अथवा नहीं।

(4) अभ्यर्थी परीक्षा में नॉन प्रोग्रामेबल किस्म के सरल बैटरी चालित पॉकेट कैलकुलेटर का प्रयोग इस प्रतिबन्ध के अधीन कर सकते हैं कि सम्बंधित प्रश्न के निर्देश/नोट में भी इसके प्रयोग की अनुमति का उल्लेख हो।

(5) प्रश्न–उत्तर पुस्तिका Question-Answer Booklet (QAB) के आवरण पृष्ठ पर केवल निर्धारित स्थान पर ही अंकों एवं शब्दों में अनुक्रमांक लिखें। प्रश्नोत्तर में, यदि नाम या पता लिखना जरूरी हो तो नाम के लिए XYZ अथवा '**अबस**' एवं पता के स्थान पर ABC अथवा '**कखग**' लिखें। प्रश्नोत्तर के अतिरिक्त कोई असंगत, अप्रासांगिक तथा अवांछनीय बात लिखने पर आयोग अपने विवेकानुसार अभ्यर्थी को दण्डित कर सकता हैं।

(6) प्रश्न–पत्र दिये गये निर्देशों के अनुसार ही हल करें। यदि निर्धारित संख्या से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो प्रारम्भ से लेकर निर्धारित संख्या तक कुल किये गये प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जायेगा और शेष की उपेक्षा की जायेगी। यदि किसी प्रश्नोत्तर को आपके द्वारा काटा जाता है तो काटने के बाद उसके नीचे यह अवश्य लिखा जाए कि उत्तर अभ्यर्थी द्वारा स्वयं काटा गया है और उसका मूल्यांकन न किया जाए।

(7) प्रत्येक सत्र की परीक्षा समाप्ति पर अभ्यर्थी तब तक अपने स्थान पर बैठे रहेंगे जब तक उनकी प्रश्न–उत्तर पुस्तिका Question-Answer Booklet (QAB) कक्ष निरीक्षक द्वारा जमा न कर ली जाय। परीक्षा समय समाप्ति के पश्चात कोई भी अभ्यर्थी उत्तर लिखने का प्रयास नहीं करेगा।

(8) अभ्यर्थी प्रश्न का उत्तर अंग्रेजी में या हिन्दी देवनागरी लिपि में लिख सकते हैं, परन्तु भाषा के प्रश्न पत्र का उत्तर उसी भाषा में दिया जाना आवश्यक है। किसी एक ही प्रश्न–पत्र के कुछ प्रश्नों के उत्तर अंग्रेजी और कुछ का हिन्दी में लिखना अथवा एक ही प्रश्न का उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों में लिखना वर्जित है, अर्थात प्रश्न पत्र का सम्पूर्ण रूप में, उपर्युक्त में से किसी एक भाषा में उत्तर देना आवश्यक है। आवश्यकतानुसार प्राविधिक शब्दों का प्रयोग अंग्रेजी में किया जा सकता है। मिश्रित भाषा में उत्तर देने पर अंकों में कटौती की जा सकती है।

(9) प्रश्न–उत्तर पुस्तिका Question-Answer Booklet (QAB) में दिये गये निर्धारित स्थान पर ही प्रश्न का उत्तर लिखे। रफ कार्य (Rough Work) के लिए प्रश्न–उत्तर पुस्तिका के अन्त में पृष्ठ दिये गये है।

(10) उत्तर लिखने में अनुदेशों का उल्लंघन करने पर दण्डस्वरूप निम्नानुसार कार्यवाही की जायगी–

(i) पेन्सिल से लिखे गये उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

(ii) मिश्रित भाषा का प्रयोग करने पर प्रति प्रश्न 5 प्रतिशत अंक की कटौती की जायेगी।

(iii) प्रश्न संख्या न लिखने अथवा गलत लिखने पर 01 अंक, प्रश्न का खण्ड न लिखने अथवा गलत लिखने पर 1/2 अंक तथा प्रश्न का उपखण्ड न लिखने अथवा गलत लिखने पर 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।

(iv) प्रश्न–उत्तर पुस्तिका में असंगत/धार्मिक चिह्न/आपत्तिजनक शब्दावली का प्रयोग करने पर 01 अंक की कटौती की जायेगी।

(v) प्रश्न–उत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्य स्थान पर एक या अनेक बार अनुक्रमांक अथवा नाम लिखने पर 02 अंकों की कटौती की जायेगी।

(vi) प्रश्न–उत्तर पुस्तिका में नाम और अनुक्रमांक दोनों एक साथ एक बार या अनेक बार लिखने पर 03 अंकों की कटौती की जायेगी।

(vii) प्रश्न–उत्तर पुस्तिका में अप्रासांगिक बातें लिखने तथा अनुक्रमांक और नाम तीनों एक साथ लिखने पर 04 अंकों की कटौती की जायेगी।

(viii) प्रश्न–उत्तर पुस्तिका में परीक्षक से अपील/अनुरोध करने पर 02 अंक की कटौती की जायेगी।

(ix) प्रश्न–उत्तर पुस्तिका में असंगत/अप्रासांगिक बाते लिखने तथा अनुक्रमांक एवं नाम और परीक्षक से अपील (अनुरोध/अनुनय/अभ्यर्थना) करने सहित चारों को एक साथ, एक या अनेक बार लिखने पर 05 अंक की कटौती की जायेगी।

(x) प्रश्न के उत्तर के रूप में पत्र लेखन में नाम के स्थान पर XYZ या **'अबस'** एवं पते के स्थान पर ABC या **'कखग'** के अलावा काल्पनिक अथवा वास्तविक नाम एवं पता लिखने पर 02 अंक की कटौती की जायेगी।

(xi) उत्तर लिखने में नीली अथवा काली स्याही के अतिरिक्त अन्य रंग की स्याही का प्रयोग करने पर प्रति प्रश्न 02 अंक की कटौती की जायेगी।

(III) साक्षात्कार परीक्षा हेतु निर्देशः–

(1) मुख्य लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु आहूत किया जायेगा।

(2) साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन पत्र भरकर ऑनलाईन आवेदन में किये गये दावों से संबंधित शैक्षणिक/आरक्षण/अनुभव/विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र इत्यादि के प्रमाण पत्र संलग्न कर साक्षात्कार तिथि को आयोग के अधिकारियों के समक्ष परीक्षण के लिए प्रस्तुत करें। अभ्यर्थियों को उक्त आवेदन पत्र एवं अन्य प्रपत्र आयोग की वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध कराये जायेगें। इस संबंध में विज्ञप्ति प्रकाशित कर अभ्यर्थियों को सूचित किया जायेगा। यदि अभ्यर्थी की अर्हता के संबंध में प्रस्तुत दावे में कोई कमी या असत्यता पायी जाती है तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

(3) मूल प्रमाण पत्र के सत्यापन के समय ही अभ्यर्थी को अपने विभागाध्यक्ष अथवा उस संस्था के प्रधान द्वारा, जहां अभ्यर्थी द्वारा शिक्षा पायी हो, अथवा किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ भी प्रस्तुत करने होंगे।

(4) केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन अथवा उनके नियंत्रणाधीन कार्यरत अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों कें सत्यापन के समय अपने सेवा नियोजक का 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' मूल रूप में अथवा स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी।

(5) लिखित परीक्षा (मुख्य परीक्षा) एवं साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांको के आधार पर श्रेणीवार/उपश्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या के अनुसार मैरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया जायेगा। परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराया जायेगा, जिसकी सूचना विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित करायी जायेगी।

19. सामान्य निर्देश :–

(1) अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि पूर्णतया संतुष्ट हो जाने के पश्चात् कि वे विज्ञापन/परीक्षा की सभी शर्तों को पूरा करते है, आवेदन करें और परीक्षा में बैठें।

(2) आयोग अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता के सम्बन्ध में कोई परामर्श नहीं देता है। इसलिये अभ्यर्थी विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें और तभी आवेदन करें जब वे संतुष्ट हो कि वे विज्ञापन की शर्तों के अनुसार अर्ह हैं। उन्हें विज्ञापन के अन्त में प्रकाशित पाठ्यक्रम का अध्ययन सावधानी से कर लेना चाहिए। अधिवयस्क, अल्पवयस्क तथा शैक्षिक अर्हता के आधार पर अनर्ह होने अथवा नियमों, प्रक्रिया आदि के उल्लघंन के कारण अस्वीकृत किये जाने वाले आवेदन–पत्रों के मामलों में कोई शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

(3) परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा। अभ्यर्थी को मात्र प्रवेश पत्र जारी किए जाने का यह अर्थ नहीं होगा कि उसका अभ्यर्थन आयोग द्वारा अन्तिम रूप से सुनिश्चित कर दिया गया है। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा उसका आवेदन अस्वीकृत किया जाना चाहिए था अथवा वह प्रारम्भिक स्तर पर ही स्वीकार किए जाने योग्य नहीं था, उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा और यदि वह अन्तिम रूप से चुन लिया जाता है तो भी आयोग की संस्तुति वापस ले ली जाएगी।

(4) मूल आवेदन पत्र में दर्शाये गए विवरण में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं होगा।

(5) अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपने आवेदन पत्र, उपस्थिति सूची आदि में तथा आयोग के साथ समस्त पत्राचार में सभी स्थानों पर उनके द्वारा किए गए हस्ताक्षर एक जैसे होने चाहिए और उनमें किसी भी प्रकार की भिन्नता नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर किए गए हस्ताक्षरों में यदि कोई भिन्नता पायी जाती है तो आयोग उसके अभ्यर्थन को रद्द कर सकता है।

(6) हाईस्कूल प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। अभ्यर्थी को मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा तथा उक्त प्रमाण पत्र संलग्न न किए जाने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(7) जो अभ्यर्थी विज्ञापन की शर्तों के अनुसार पात्र नहीं पाये जाएंगे उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा तथा परीक्षा में प्रवेश हेतु उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा। **अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन/अर्हता/पात्रता के सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।**

(8) प्रश्नगत परीक्षा हेतु मात्र ऑनलाइन आवेदन एवं बैंक चालान/नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा शुल्क ही स्वीकार्य होगा। किसी अन्य प्रकार से किया गया आवेदन/परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क से कम शुल्क जमा करता है तो उसका आवेदन/अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा

(9) अभ्यर्थियों को प्रश्नों के उत्तर स्वयं देने होंगे। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को उत्तर देने के लिए कोई श्रुत लेखक नहीं दिया जायेगा, परन्तु दृष्टिहीन अभ्यर्थियों के लिए श्रुत लेखक की व्यवस्था अनुमन्य होगी। श्रुत लेखक की शैक्षिक अर्हता इण्टरमीडिएट से अधिक नहीं होगी। दृष्टिहीन अभ्यर्थियों को प्रत्येक घण्टे के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय अनुमन्य होगा। श्रुत लेखक की अनुमति आयोग से प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन के परिशिष्ट–4 में दिये गये प्रारूप का आवेदन करना होगा। अभ्यर्थी द्वारा श्रुत लेखक की शैक्षिक अर्हता सम्बन्धी प्रमाण पत्र तथा शैक्षिक अर्हता के संबंध में शपथ पत्र उक्त आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।

(10) आयोग से किए जाने वाले सभी प्रकार के पत्राचार में अभ्यर्थियों द्वारा अपने नाम के साथ विज्ञापित पद/परीक्षा का नाम, विज्ञापन संख्या, अभ्यर्थी की जन्मतिथि, पिता/पति का नाम, रजिस्ट्रेशन सं0 तथा अनुक्रमांक (यदि सूचित किया गया हो) का उल्लेख अवश्यक किया जाना चाहिए।

(11) अभ्यर्थियों को परीक्षा से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं वेबसाइट के माध्यम से अवगत करायी जायेगी। अतः अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट का समय–समय पर अवलोकन करना सुनिश्चित करें।

(12) उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के निर्णय के अनुसार किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में गलत तथ्यों को जिनकी प्रमाण–पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती, देने पर आयोग की समस्त परीक्षाओं के लिए प्रतिवारित (डिबार) किया जा सकता है और उसके विरूद्ध आपराधिक दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है। आवेदित पद पर अन्तिम रूप से चयनित हो जाने के बाद भी अभ्यर्थी को नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होता है जब तक कि आयोग को ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसा आवश्यक समझा जाय, यह समाधान न हो जाये कि वह नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है।

(13) परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी को फोटो कैमरा, मोबाइल फोन, पेजर, स्कैनर पैन अथवा किसी अन्य प्रकार के संचार यंत्र अथवा किसी अन्य इलैक्ट्रोनिक उपकरण के प्रयोग की अनुमति नहीं है। यदि वे इन अनुदेशों का उल्लंघन करते पाए जाते है तो उन पर लोक सेवा आयोग द्वारा भविष्य में आयोजित की जाने वाली इस अथवा सभी परिक्षाओं में बैठने पर रोक सहित अन्य कार्यवाही की जा सकती है। अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा स्थल पर फोटो कैमरा, मोबाइल फोन, पेजर, स्कैनर पैन अथवा किसी अन्य प्रकार के संचार यंत्र अथवा किसी अन्य किसी इलैक्ट्रोनिक उपकरण सहित किसी प्रकार कि प्रतिबन्धित सामग्री न लाएं क्योंकि उनकी सुरक्षा का प्रबन्ध सुरक्षित नहीं किया जा सकता है।

(14) अनुचित साधन सख्ती से प्रतिबन्धितः– कोई भी अभ्यर्थी किसी भी अन्य अभ्यर्थी की उत्तर पुस्तिका से न तो नकल करेगा, न ही नकल करवायेगा और न ही किसी अन्य तरह की अनुचित सहायता देगा, न ही सहायता देने का प्रयास करेगा, न ही सहायता प्राप्त करेगा और न ही प्राप्त करने का प्रयास करेगा।

(15) कदाचार के दोषी पाये गए अभ्यर्थियों के विरूद्ध **Uttarkhand Public Service Commission (Procedure and Conduct of Business) Rules – 2013 (प्रथम संशोधन 2016)** के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

(16) कदाचार के दोषी पाये गए अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्यवाहीः– अभ्यर्थियों को सचेत किया है कि आवेदन करते समय न तो कोई झूठे विवरण प्रस्तुत करें और न ही किसी महत्वपूर्ण सूचना को छिपाएं। उन्हें यह भी चेतावनी दी जाती है कि वे अपने द्वारा प्रस्तुत किसी प्रलेख या उसकी अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रति की किसी प्रविष्टि में कोई शोधन या परिवर्तन या अन्यथा फेरबदल नहीं करें तथा न ही वे फेरबदल किया गया/जाली प्रलेख प्रस्तुत करें। यदि दो या दो से अधिक दस्तावेजों के बीच अथवा उनकी अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रतियों में कोई असंगति या विसंगति हो तो इस विसंगति के बारे में अभ्यर्थी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना चाहिए।

(17) परीक्षा भवन में आचरण :– परीक्षा केन्द्र/कक्ष में अभ्यर्थी न तो किसी के साथ दुर्व्यवहार करेंगे और न ही अव्यवस्था फैलायेंगे तथा परीक्षा के संचालन हेतु आयोग द्वारा तैनात स्टॉफ को परेशान भी नही करेंगे। ऐसे किसी भी दुराचरण के लिए कठोर दण्ड दिया जाएगा।

(18) अभ्यर्थी को निम्नलिखित कारणों से आयोग द्वारा दोषी घोषित किया जायेगा :–1. अग्रलिखित तरीकों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया गया है, अर्थात (क) गैर कानूनी रूप से परितोषण की पेशकश

